अनुक्रमांक

नाम

मुद्रित पृष्ठों की संख्या :4

**130** **323(IW)**

# 2025

# नागरिक शास्त्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 100

निर्देश :

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

(iv) प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 10 शब्दों (एक वाक्य) में देना है।

(v) प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु-उत्तरीय - I प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में देना है।

(vi) प्रश्न संख्या 27 से 30 तक लघु-उत्तरीय II प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 100 से 125 शब्दों में देना है।

(vii) प्रश्न संख्या 31 और 32 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में देना है।

(viii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

नोट: निम्नलिखित दस प्रश्नों में प्रत्येक के चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से सही विकल्प चुनकर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

1. सोवियत संघ के विघटन के समय वहाँ का राष्ट्रपति कौन था? 1

   अ) लेनिन ब) स्टालिन स) निकिता खुश्चेव द) मिखाइल गोर्वाचेव

2. यूरोपीय संघ की स्थापना कब हुई? 1

   अ) 1990 ब) 1992 स) 1995 द) 2000

3. स्वाधीनता से पहले बांग्लादेश किस देश का हिस्सा था? 1

   अ) पाकिस्तान ब) चीन स) भारत द) इनमें से कोई नहीं

4. निम्नलिखित देशों में से कौन सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य नहीं है? 1

   अ) भारत ब) ब्रिटेन स) रूस द) चीन

5. पृथ्वी सम्मेलन किस वर्ष आयोजित हुआ? 1

   अ) 1988 ब) 1992 स) 1997 द) 1999

modelpaper.info

6. राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन कब किया गया? 1

अ) 1950 ब) 1951 स) 1952 द) 1953

7. कांग्रेस पार्टी को एक 'छाता संगठन' किसने कहा है? 1

अ) पामर ब) पं० जवाहरलाल नेहरू

स) महात्मा गाँधी द) डॉ० भीमराव रामजी अम्बेदकर

8. ताशकन्द समझौता किनके बीच हुआ था? 1

अ) भारत-पाकिस्तान ब) भारत-नेपाल

स) भारत-श्रीलंका द) भारत-भूटान

9. गैर-कांग्रेसवाद का नारा किसने दिया? 1

अ) डा० राम मनोहर लोहिया ब) जयप्रकाश नारायण

स) वी० पी० सिंह द) इनमें से कोई नहीं

10. निम्नलिखित में से किस वर्ष सरकार द्वारा मण्डल आयोग की सिफारिशों को लागू किया गया था? 1

अ) 1988 ब) 1989 स) 1990 द) 1991

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)**

11. शॉक थेरेपी का मॉडल किसके द्वारा निर्देशित था? 2

12. मस्ट्रिस्ट सन्धि से आप क्या समझते हैं? 2

13. शक्ति सन्तुलन से क्या अभिप्राय है? 2

14. एजेण्डा-21 क्या है? 2

15. 'वर्ल्ड सोशल फोरम' (WSF) का क्या कार्य है? 2

16. स्वतन्त्रता के बाद भारत के सामने दो प्रमुख चुनौतियाँ कौन सी थीं? 2

17. नियोजित विकास से आप क्या समझते हैं? 2

18. भारतीय विदेश नीति के किन्हीं दो सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए। 2

19. 'कांग्रेस सिंडिकेट' से क्या अभिप्राय है? 2

20. ऑपरेशन ब्लू स्टार कब चलाया गया था? 2

**(लघु उत्तरीय प्रश्न- 1)**

21. पेरेस्त्रोइका और ग्लासनोस्त का क्या अर्थ है? 5

22. दक्षेस (सार्क) से क्या अभिप्राय है? इसके द्वारा शान्ति तथा सहयोग कैसे बढ़ाया जा सकता है ? 5

23. धारणीय विकास क्या है? 5

24. आदर्श निर्वाचन प्रणाली के चार प्रमुख तत्वों को बताइये। 5

modelpaper.info

25. पंचशील का क्या अर्थ है? 5

26. गठबन्धन सरकार का क्या अर्थ है? 5

**(लघु उत्तरीय प्रश्न - II)**

27. यूरोपीय संघ ने अपना राजनीतिक और कूटनीतिक प्रभीच किस प्रकार कार्यान्वित किया? 6

28. भारत को किस प्रकार की सुरक्षा सम्बन्धी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है? इसकी सुरक्षा नीति के प्रमुख घटक कौन-से हैं? 6

29. राज्य पुनर्गठन आयोग का क्या कार्य था? इसकी प्रमुख सिफारिशें क्या थीं? 6

30. 'आपातकाल' और इसके आस-पास के समय को संवैधानिक संकट का काल क्यों कहा जाता है? समझाइये। 6

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)**

31. द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद सोवियत संघ को एक महाशक्ति बनने में सहायक कारकों का विश्लेषण कीजिए। 8

अथवा

एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण अन्तरराष्ट्रीय संगठन के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका का आकलन कीजिए। 8

32. स्वतंत्रता के पश्चात भारत में देशी रियासतों के विलय पर पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखिए। 8

अथवा

वर्तमान सन्दर्भ में भारत की विदेश नीति का परीक्षण कीजिए। 8

modelpaper.info